हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 24 अक्टूबर 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

11 खेत के कुएं से मिला अज्ञात युवक का शव, जांच में ...



10 5 उपद्रवियों पर कसा शिकंजा, भेजे गए जेल



बलौदाबाजार | भाटापारा | तिल्दा-नेवरा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

खबर संक्षेप

चाकू लहराकर लोगों को डराने वाला युवक गिरफ्तार



तिल्दा-नेवरा। तिल्दा बस्ती स्थित मौली माता मंदिर के पीछे सार्वजनिक स्थान पर बटनदार चाकू दिखाकर आम नागरिकों को डराने-धमकाने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से बटनदार चाकू बरामद किया गया है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार, तिल्दा बस्ती के वार्ड क्रमांक 20 निवासी कैलाश यदु (21 वर्ष), पिता देवनारायण यदु, बस्ती के बीच चाकू लेकर लोगों को डराने-धमकाने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान किसी व्यक्ति ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही तिल्दा-नेवरा पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बटनदार चाकू बरामद कर उसके विरुद्ध थाना तिल्दा-नेवरा में धारा 25 एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।आरोपी कैलाश यदु, उम्र 21 वर्ष, पिता देवनारायण यदु, निवासी वार्ड क्रमांक 20, तिल्दा बस्ती, थाना तिल्दा-नेवरा का निवासी है।

ग्राम नहरडीह में मामूली विवाद पर किराना व्यापारी पर लोहे की रॉड से किया था हमला

किराना व्यापारी की लोहे की रॉड से पीट-पीटकर हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

खरोरा समीपस्थ ग्राम नहरडीह में मामूली बात को लेकर हुए विवाद के बाद एक किराना व्यापारी की लोहे की रॉड से हमला कर निर्मम हत्या कर दी गई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल व्यापारी ने इलाज के दौरान रायपुर के डीकेएस अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है, जबकि मुख्य आरोपी की तलाश जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम नहरडीह निवासी किराना व्यापारी रामकुमार साहू (41 वर्ष, पिता कृपाराम साहू) अपनी दुकान पर थे। इसी दौरान गांव का ही अखिलेश सायतोड़े (28 वर्ष) दुकान पर पहुंचा और किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। उस वक्त विवाद के बाद आरोपी वहां से चला गया, लेकिन कुछ देर बाद वह अपने साथियों के साथ वापस दुकान पर पहुंचा।

घटना के बाद पुलिस ने हत्या की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने घटना में शामिल दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मुख्य आरोपी अखिलेश सायतोड़े अभी भी फरार है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हत्याकांड के हर पहलू की गहराई से जांच की जा रही है और फरार मुख्य आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

दुकान में तोड़फोड़ कर सिर पर किया ताबड़तोड़ हमला

आरोपियों ने आते ही दुकान में तोड़फोड़ शुरू कर दी और लोहे की रॉड से रामकुमार साहू के सिर पर ताबड़तोड़ प्राणघातक वार कर दिया। इस हमले में रामकुमार साहू खून से लथपथ होकर वहीं गिर पड़े। परिजनों और ग्रामीणों की मदद से उन्हें तुरंत खरोरा के अस्पताल ले जाया गया, जहां से स्थिति गंभीर होने पर रायपुर के निजी अस्पताल और बाद में डीकेएस अस्पताल रेफर किया गया। वहां इलाज के दौरान देर रात 11 बजे उनकी मौत हो गई।

पत्नी पर ईंट से प्राणघातक हमला करने वाला आरोपी पति गिरफ्तार

हथबंद। पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा अपराधों पर नियंत्रण तथा अपराधियों के विरुद्ध त्वरित व सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना हथबंद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोरदी में अपनी पत्नी पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी पति को त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया है। प्रार्थी ने थाना हथबंद में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 22 अक्टूबर के दोपहर करीब 03:00 बजे सूचना मिलने पर जब वह अन्य ग्रामीणों के साथ आरोपी सुभाष दास मानिकपुरी के घर पहुंचा,



तो देखा कि फलिता मानिकपुरी कमरे के अंदर खून से लथपथ बेहोश पड़ी थी। आरोपी सुभाष ने अपनी पत्नी को जान से मारने की नीयत से ईंट से सिर एवं मुंह पर ताबड़तोड़ हमला कर गंभीर चोट पहुंचाया था। घायल महिला को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना हथबंद में अपराध क्रमांक 234/2026,

सांस्कृतिक कार्यक्रम में ड्यूटी पर तैनात पुलिस जवान पर ईंट से हमला

बगबुड़ा। ग्राम सारखोर में 21 अक्टूबर की रात सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान ड्यूटी पर तैनात एक पुलिस जवान पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा ईंट से हमला कर घायल करने का मामला सामने आया है। घायल जवान की पहचान प्रधान आरक्षक सुनील डहरिया के रूप में हुई है, जो थाना लवन में पदस्थ हैं। हमले में उनके सिर पर गंभीर चोट आई है। घटना के बाद घायल जवान को तत्काल जिला अस्पताल बलौदाबाजार रेफर किया गया, जहां उनके सिर में करीब 12 टांके लगाए जाने की जानकारी सामने आई है। घटना के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, ग्राम सरखोर में बुधवार रात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई थी। इसी ड्यूटी में प्रधान आरक्षक सुनील डहरिया भी तैनात थे। बताया जा रहा है कि ड्यूटी के दौरान वे लघुशंका के लिए गए थे। वापस लौटते समय अंधेरे का फायदा उठाकर किसी अज्ञात व्यक्ति ने उन पर ईंट से हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले में प्रधान आरक्षक के सिर पर चोट लगी और वे घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों और पुलिसकर्मियों के बीच हलचल मच गई। घायल जवान को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल बलौदाबाजार रेफर किया गया, जहां चिकित्सकों ने उनके सिर में आई चोट का उपचार किया। जानकारी के मुताबिक, चोट की गंभीरता को देखते हुए उनके सिर में 12 टांके लगाए गए हैं। इस मामले में लवन थाना प्रभारी अश्वनी कुमार सिन्हा ने बताया कि प्रधान आरक्षक सुनील डहरिया पर हमला करने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की विवेचना प्रारंभ कर दी गई है और आरोपी की पहचान कर उसकी तलाश की जा रही है।



नगर एवं ग्राम निवेश का उप संचालक बीएल बांधे निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

समीक्षा बैठक में आक्रोशित भाषा का प्रयोग करने और वरिष्ठ अधिकारी के साथ अनुचित व्यवहार करने के मामले में छत्तीसगढ़ शासन के आवास एवं पर्यावरण विभाग ने नगर तथा ग्राम निवेश के उप संचालक बीएल बांधे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। शासन ने यह कार्रवाई कलेक्टर बलौदाबाजार-भाटापारा के प्रस्ताव के आधार पर की है। आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा 16 अक्टूबर 2026 को जारी आदेश के अनुसार, कलेक्टर कार्यालय की ओर से 13 अक्टूबर को भेजे गए ज्ञापन में उप संचालक बीएल बांधे के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की गई थी। ज्ञापन में समीक्षा बैठक के दौरान उनके द्वारा आक्रोशित भाषा का प्रयोग करने तथा वरिष्ठ अधिकारी के साथ उचित व्यवहार नहीं करने का उल्लेख किया गया था। शासन ने आदेश में कहा है कि बांधे द्वारा पदीय कर्तव्यों का समुचित निर्वहन नहीं किया जाना और समीक्षा बैठक में दुर्व्यवहार किया जाना छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 का उल्लंघन है। इसी आधार पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 9(1) के अंतर्गत उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान बीएल बांधे का मुख्यालय नगर तथा ग्राम निवेश संचालनालय, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर निर्धारित किया गया है। इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता भी देय होगा।

■ समीक्षा बैठक में दुर्व्यवहार का आरोप

केशला में श्रीमद् भागवत महापुराण आज से

खरोरा। ग्राम केशला में 24 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2026 तक संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्तदिवसीय ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में श्रीमद् भागवत कथा के साथ विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का संगीतमय वर्णन किया जाएगा। आयोजन में व्यास पीठ पर पूज्य दीदी जी सोनम तिवारी कथा का वाचन करेंगी। आयोजन स्थल रावण भाठा, केशला (खरोरा) निर्धारित किया गया है।

कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक प्रवचन होगा। आयोजन के दौरान जल यात्रा, वेदी पूजन, सृष्टि उत्पत्ति, सती चरित्र, प्रह्लाद चरित्र, वामन अवतार, श्रीराम कथा, श्रीकृष्ण प्राकट्योत्सव, बाल लीला, गोवर्धन पूजा, रुक्मिणी-कृष्ण मंगल विवाह, सुदामा चरित्र, गीता ज्ञान, हवन एवं वार्षिक श्राद्ध सहित विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। आयोजन का समापन 31 अक्टूबर को होगा। इस दिन गीता ज्ञान, हवन, कपिला तर्पण एवं वार्षिक श्राद्ध (बरसी) का कार्यक्रम रखा गया है। आयोजकों ने समस्त श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल होकर कथा श्रवण करने तथा धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।



आरएएमपी योजना के तहत पलारी में उद्यमियों को मिला वित्तीय प्रबंधन के गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

एमएसई के लिए वैकल्पिक वित्तपोषण एवं एसएमई एक्सचेंज पर कार्यशाला आयोजित

सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) को पारंपरिक बैंक ऋण के अतिरिक्त उपलब्ध वैकल्पिक वित्तपोषण विकल्पों की जानकारी प्रदान करने, व्यवसाय विस्तार हेतु पूंजी जुटाने के नए अवसरों से परिचित कराने तथा एसएमई एक्सचेंज के माध्यम से वित्तीय संसाधनों तक पहुँच बढ़ाने के उद्देश्य से उद्योग संचालनालय एवं सीएसआईडीसी, रायपुर की पहल पर आज जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, बलौदाबाजार एवं भावसर फाउंडेशन द्वारा /"सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों हेतु वैकल्पिक वित्तपोषण के साधन एवं एसएमई एक्सचेंज पर कार्यशाला/" का आयोजन जनपद पंचायत,पलारी में किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार की आरएएमपी योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र बलौदाबाजार के प्रबंधक नारायण ठाकुर प्रमोद टंडन, टीआई पलारी प्रियेश जॉन, सत्यनारायण साहू एडीईओ जनपद पंचायत पलारी, संतोषी साहू एनआरएलएम ऑपरेटर की मार्गदर्शन में हुआ।साथ ही प्रतिभागियों को वित्तीय योजना, निवेश आकर्षित करने की रणनीतियों तथा व्यवसाय विस्तार के लिए उपलब्ध वैकल्पिक पूंजी स्रोतों की व्यवहारिक जानकारी भी प्रदान की गई। विशेषज्ञों द्वारा एसएमई एक्सचेंज के माध्यम से पूंजी जुटाने की प्रक्रिया, सूचीबद्ध होने की पात्रता, आवश्यक दस्तावेज़, नियामकीय आवश्यकताएँ तथा निवेशकों के समक्ष उद्यम की प्रस्तुति जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।



वित्तीय पहुंच सुदृढ़ करना मुख्य उद्देश्यः डीआईसी

यदि उद्यमी वैकल्पिक वित्तपोषण के विभिन्न साधनों की जानकारी रखते हैं, तो वे अपने व्यवसाय का विस्तार अधिक प्रभावी एवं टिकाऊ तरीके से कर सकते हैं। कार्यशाला में वित्तीय विशेषज्ञ प्रतीक जॉन द्वारा सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए उपलब्ध विभिन्न वैकल्पिक वित्तपोषण साधनों जैसे एसएमई एक्सचेंज, इक्विटी आधारित वित्तपोषण, वेंचर कैपिटल, एंजेल निवेश, वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ), एनबीएफसी तथा अन्य संस्थागत वित्तीय विकल्पों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि व्यवसाय की आवश्यकताओं के अनुरूप उपयुक्त वित्तीय विकल्पों का चयन किस प्रकार उद्यमों की दीर्घकालीन वृद्धि में सहायक हो सकता है। सभी स्रोत व्यक्तियों ने वर्तमान प्रतिस्पर्धी व्यावसायिक परिवेश में उद्यमों की वृद्धि केवल पारंपरिक बैंक ऋण पर निर्भर नहीं रह सकती।

खबर संक्षेप

उधार की रकम को लेकर मारपीट

महासमुंद। ग्राम लिमगांव में उधार की रकम को लेकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट की हुई घटना में आरोपी के विरूद्ध सरायपाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को लिमगांव के मदन चौहान ने बताया कि गांव के मनोज श्रीवास से उसके पुत्र अमरनाथ चौहान ने 200 रुपए उधार लिया था। 22 अक्टूबर को उधार का पैसा मांगने उसके घर के आंगन में दोपहर करीबन 02.30 बजे मनोज श्रीवास आया और उधार का पैसा वापस मांगने लगा। इस पर उसने कहा कि मेरा पुत्र सरायपाली गया है, वापस आएगा तो पैसे को दिलवा दूंगा। इस पर आवेश में आकर मनोज गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का एवं डंडे से मारपीट करने लगा। मारपीट करने से सिर में, बांये हाथ में चोट लगी। आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

सोहम हॉस्पिटल में कैंसर जांच व उपचार कल

महासमुंद। सोहम जन सेवा समिति के तत्वाधान में सोहम हॉस्पिटल में रविवार 25 अक्टूबर प्रातः 12 से 2 बजे तक मरीजों को कैंसर जांच पर परामर्श दिया जाएगा। इसके लिए डॉ अवधेश उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने बताया कैंसर के संभावित लक्षण वाले पीड़ित मरीज को लाल या सफेद छाले होना, मुंह का कम खुलना, स्तन में गांठ, बच्चेदानी के मार्ग से सफेद पानी का आना, पेट के निचले भाग में दर्द होना, पेशाब करने में परेशानी आदि है तो समय पर परामर्श ले कैंसर समय पर उपचार मिलने से पूरी तरह ठीक हो सकता है।

जिले में मतदाता जागरूकता अभियान

महासमुंद। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिले में अब विशेष अभियान के तहत 17 वर्ष से अधिक एवं 18 वर्ष तथा छूटे हुए मतदाताओं का नाम जोड़ने की कार्रवाई तेज गति से जारी है। महाविद्यालयों, मतदान केन्द्र एवं स्कूलों में जागरूकता अभियान के साथ बीएलओ द्वारा विशेष शिविर का आयोजन कर ऐसे पात्र मतदाताओं को फार्म-6 के माध्यम से नाम जोड़ने की कार्रवाई की जा रही है। आज दिनांक तक जिले में 8 लाख 476 मतदाता है, जबकि अभियान के तहत अभी तक 5600 नए और छूटे हुए मतदाता जोड़े गए हैं।
इसी क्रम में शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बम्हनी में अयोजित शिविर में नए मतदाताओं के पंजीयन के लिए फॉर्म-6 तथा मतदाता सूची में आवश्यक संशोधन के लिए फॉर्म-8 की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इस दौरान ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से 60 से अधिक छात्र-छात्राओं का पंजीयन किया गया ।

दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि 31 तक बढ़ी

महासमुंद। दिव्यांगजन केंद्रीय छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 अक्टूबर 2026 कर दी गई है। पूर्व में आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2026 निर्धारित थी। उप संचालक संगीता सिंह ने बताया कि योजना के अंतर्गत प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए कक्षा 9वीं एवं 10वीं तथा पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए कक्षा 11वीं एवं 12वीं में नियमित रूप से अध्ययनरत दिव्यांग छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते हैं।

भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर युवाओं ने ली पार्टी की सदस्यता

13 युवाओं ने थामा भाजपा का दामन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के नेतृत्व और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की विकासोन्मुखी नीतियों, किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों के हित में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं तथा भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा से प्रेरित होकर शुक्रवार को कौशलपुर (कोलिहा) मंडल के ग्राम पंचायत ढेकुना के 13 ऊर्जावान युवाओं ने वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा के निवास कार्यालय पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश किया। यह प्रवेश किसान मोर्चा महामंत्री दीपक साहू एवं युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रोशन साहू के विशेष प्रयास में हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने सभी नए कार्यकर्ताओं को पार्टी का अंगवस्त्र भेंटकर उनका भाजपा परिवार में विधिवत स्वागत किया। शिवरतन शर्मा ने कहा कि आज ढेकुना में जो युवा जोश दिखाई दे रहा है, वह आने वाले समय में भाजपा को और मजबूत करेगा।

इन युवाओं ने ली भाजपा की सदस्यताः महेन्द्र निषाद, मुरारी साहू, शफिक साहू, यशवंत साहू, कमलेश साहू, गजानंद साहू, लुकेश साहू, अक्षय साहू, लक्ष्मीनारायण निषाद, निखिल साहू, शिवम निषाद, सनत दास सोनवानी और लखन साहू।

शिवरतन शर्मा ने इस विषय में चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में ऐतिहासिक विकास हुआ है। दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। महतारी वंदन योजना से महिलाओं को सशक्त बनाया जा रहा है, किसानों को उनकी मेहनत का सही दाम मिल रहा है, युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खुल रहे हैं और हर गाँव तक विकास पहुँच रहा है। भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखती है, सुशासन देती है और युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर देती है। शर्मा ने कहा कि युवा शक्ति ही भाजपा का भविष्य है और आज जो युवा भाजपा से जुड़े हैं, वे कल पार्टी के मजबूत स्तंभ बनेंगे। उन्होंने सभी नए साथियों को बधाई दी और उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। नए शामिल हुए युवाओं ने कहा कि वे भाजपा की नीतियों, प्रधानमंत्री मोदी के विजन और मुख्यमंत्री साय के विकास कार्यों एवं भाजपा नेता शिवरतन शर्मा की सक्रियता से प्रभावित होकर पार्टी में आए हैं, सभी ने संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर में मंडल महामंत्री सिमगा छोटेलाल यादव, संतोष साहू एवं सरपंच नारायण पाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, मंडल पदाधिकारी और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

वटगन महाविद्यालय में मतदाता पुनरीक्षण शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

शुक्रवार को शासकीय नवीन महाविद्यालय वटगन में निर्वाचक नामावली 2026 छत्तीसगढ़ के तहत मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम का विशेष शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 1 अक्टूबर 2027 के स्थिति में 17 वर्ष से अधिक छूटे हुए एवं पहली बार युवा मतदाताओं ने मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए अपने अपने बीएलओ के पास पंजीकरण कराया कार्यक्रम में सुपरवाइजर विश्वनाथ माण्डले वटगन के अलग- अलग मतदान केंद्रों के बीएलओ खम्मन लाल ध्रुव, मनीराम घृतलहरे, यशोदा वर्मा, भारती ब्रह्मे, सिसदेवरी के बीएलओ नरेश चतुर्वेदी, महाविद्यालय के प्राचार्य चंद्रकांत जलहरे, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रामप्रकाश जोशी, सहायक प्राध्यापक शैलेंद्र कुमार वर्मा, प्रवीण सिंह पैकरा, अतिथि व्याख्यातागण डॉ. नोहर सिंह डहरिया, उमेश श्रीवास, लिमेश वर्मा, पुष्पा वर्मा, शुभम भारद्वाज, पूजा कंवर कार्यालयीन स्टॉफ प्रशांत आनंद, प्रीति टंडन, अर्चना टंडन, शशि जलक्षत्री, लीलाधर चंद्राकर, एनएसएस स्वयंसेवक महेंद्र हस्ती, आकाश घृतलहरे, नानक, शालिनी कुर्रे, चन्द्रहास कुमार बांधे आदि उपस्थित रहे।

स्वयंसेवक संघ का विजयादशमी उत्सव पथ संचलन आज



हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, खंड कसडोल द्वारा विजयादशमी उत्सव के अवसर पर शनिवार, 24 अक्टूबर को पथ संचलन एवं बौद्धिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम को लेकर संघ के स्वयंसेवकों में उत्साह है। आयोजन के माध्यम से सामाजिक एकता, राष्ट्र भक्ति और संगठनात्मक भावना का संदेश दिया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण दोपहर 3 बजे कसडोल के साहू धर्मशाला में होगा। इसके बाद दोपहर 3:30 बजे पथ संचलन प्रारंभ किया जाएगा। शाम 4:30 बजे नगर भवन मैदान कसडोल में मुख्य कार्यक्रम एवं उद्बोधन होगा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विश्व हिंदू परिषद मध्य क्षेत्र के मठ मंदिर प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा शामिल होंगे। वहीं, मुख्य अतिथि के रूप में एनएमएस संजीवनी हॉस्पिटल कसडोल के डॉ. विकास मिश्रा उपस्थित रहेंगे। आयोजन के माध्यम से स्वयंसेवकों को सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक करने तथा समाज और राष्ट्रहित में सक्रिय योगदान देने का संदेश दिया जाएगा।

संघ की ओर से प्रत्येक स्वयंसेवकों से समाज, राष्ट्र और संघ कार्य में निरंतर योगदान देने का आह्वान किया गया है। खंड कार्यवाह राजेंद्र कुमार निराला ने स्वयंसेवकों से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

पलारी के रणबौर चौक में रामलीला एवं रावण वध का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी



आदर्श रामलीला मंडली द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम ने ग्रामीण अंचल में धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण को मजबूत किया। रामलीला भारतीय संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसके माध्यम से नई पीढ़ी को भगवान श्रीराम के जीवन, आदर्शों और भारतीय संस्कारों से परिचित होने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में रामलीला मंडली के कलाकारों एवं आयोजन से जुड़े लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। ग्रामीणों ने रामलीला मंचन की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों को निरंतर आयोजित करने की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने भगवान श्रीराम के जयकारे लगाते हुए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। रणबौर चौक में आयोजित रामलीला एवं रावण वध का मंचन ग्रामीणों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। इस मौके पर जामवंती नीलकमल साहू, सभापति जनपद पंचायत पलारी, रामलाल साहू, मोहन ध्रुव, विधायक प्रतिनिधि बिसाहू राम साहू, तहसील अध्यक्ष साहू संघ रामसिंह साहू, जगदीश साहू, शत्रुहन कश्यप, वेदप्रकाश वर्मा पूर्व सरपंच, उदेराम साहू, शिवकुमार साहू, पुनीत राम साहू, टीकाराम साहू, सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित रहे।

कॉलेज के विद्यार्थियों को दी गई आईएसआई हेलमेट और यातायात नियमों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



सड़क सुरक्षा एवं दो पहिया वाहन चालकों की सुरक्षा की दृष्टि से आईएसआई प्रमाणित हेलमेट के उपयोग के संबंध में, हेलमेट की गुणवता, सही तरीके से हेलमेट पहनना तथा सड़क सुरक्षा नियमों के संबंध में जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे शासकीय डीके महाविद्यालय एवं मिनीमाता शासकीय कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार के लगभग 180 छात्र-छात्राओं को भारतीय मानक ब्यूरो जलज सिह राजपूत द्वारा आईएसआई हेलमेट की गुणवत्ता, सही तरीके से हेलमेट पहनना तथा सड़क सुरक्षा नियमों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही जिला परिवहन अधिकारी एम.एल साहू ने ड्रायविंग लायसेंस की महता एवं प्रक्रिया के बारे में बताया तथा निरीक्षक प्रभारी यातायात बलौदाबाजार द्वारा यातायात नियमों एवं साइबर क्राईम संबंधी जानकारी दी।

5 उपद्रवियों पर कसा शिकंजा, भेजे गए जेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

दशहरा पर्व के दौरान क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तिल्दा-नेवरा पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ लगी हुई है, लगातार पेट्रोलिंग और निगरानी कर रही है। इसी क्रम में पुलिस ने विवाद, लड़ाई-झगड़े और मारपीट पर उतारू होने तथा संज्ञेय अपराध की आशंका के चलते पांच व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। एसडीएम न्यायालय तिल्दा-नेवरा द्वारा जेल वारंट जारी किए जाने के बाद सभी को जेल में निरुद्ध किया गया टीआई रमाकांत तिवारी ने बताया की दशहरा पर्व के मद्देनजर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अलग-अलग पेट्रोलिंग टीमें गठित की गई हैं। ये टीमें लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रही हैं। इसी दौरान विभिन्न स्थानों पर विवाद और लड़ाई-झगड़े की आशंका पाए जाने पर पांच व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। सभी को एसडीएम न्यायालय तिल्दा-नेवरा के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल वारंट जारी होने पर उन्हें जेल भेज दिया गया।

कार्रवाई की जद में आए पांच

पुलिस द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, कार्रवाई की जद में आए व्यक्तियों में कमल रात्रे (26), पिता पूनम रात्रे, निवासी तुलसी-नेवरा, महेश कुमार भारती (25), पिता देवलाल भारती, निवासी तुलसी-नेवरा, अंकित ध्रुव (19), पिता गोपाल ध्रुव, निवासी ग्राम रजिया, गोपाल ध्रुव (45), पिता स्वर्गीय सामारू ध्रुव, निवासी ग्राम रजिया, और ईश्वर ध्रुव (23), पिता गोपाल ध्रुव, निवासी ग्राम रजिया शामिल हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पेट्रोलिंग, निगरानी और असामाजिक गतिविधियों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। टीआई ने बताया की पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा रायपुर ग्रामीण के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चंचल तिवारी और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी), तिल्दा के मार्गदर्शन में की जा रही है।

डुमरपाली के ग्रामीणों में आक्रोश, अधिकारियों ने दिया आश्वासन

रोजगार सहायक के खिलाफ कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा



ग्राम डुमरपाली के ग्रामीणों ने रोजगार सहायक प्रेमशीला प्रधान के खिलाफ की गई शिकायतों पर कार्रवाई नहीं होने से नाराज होकर शुक्रवार को जनपद पंचायत कार्यालय पिथौरा में धरना-प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि रोजगार सहायक के कार्यों को लेकर लंबे समय से शिकायतें की जा रही हैं, लेकिन अब तक न तो जांच प्रतिवेदन की प्रति उपलब्ध कराई गई है और न ही संबंधित के विरुद्ध कोई ठोस विभागीय कार्रवाई की गई है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है।

ग्रामीणों ने इस संबंध में पहले भी संबंधित अधिकारियों के समक्ष शिकायत प्रस्तुत की थी। उनके अनुसार, शिकायत की जांच होने के बावजूद जांच प्रतिवेदन की प्रति उपलब्ध नहीं कराई गई। कार्रवाई नहीं होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने 19 अक्टूबर 2026 को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), पिथौरा के नाम आवेदन प्रस्तुत कर 23 अक्टूबर को जनपद पंचायत परिसर में धरना-प्रदर्शन करने की अनुमति मांगी थी। इसी क्रम में ग्रामीणों ने शुक्रवार को जनपद कार्यालय पहुंचकर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। धरना-प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि रोजगार सहायक के कार्यों को लेकर कई शिकायतें हैं। उनका कहना है कि कथित अनियमितताओं के कारण पात्र हितग्राहियों तक शासन की योजनाओं का लाभ समय पर नहीं पहुंच पा रहा है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गड़बड़ी के कारण हितग्राहियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने संबंधित शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने तथा जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ वास्तविक हितग्राहियों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचना चाहिए, ताकि ग्रामीणों को अपने अधिकारों के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। ग्रामीणों के धरना-प्रदर्शन के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखीं। ग्रामीणों के अनुसार, अधिकारियों ने उनकी शिकायतों पर एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

खबर संक्षेप



राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी में भव्य मिश्रा का चयन

बलौदाबाजार। राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भाटापारा के भव्य मिश्रा ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाई है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने भव्य मिश्रा की इस उपलब्धि के लिये बधाई व शुभकामनायें दी है। कलेक्टर श्री शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ से राष्ट्रीय विज्ञान सेमिनार के लिए एकमात्र विद्यार्थी के रूप में भव्य मिश्रा का चयन जिले के लिए अत्यंत गौरव की बात है। यह उपलब्धि जिले में शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रदर्शित करती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की सफलताएं विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और तार्किक चिंतन को प्रोत्साहित करती हैं।

ग्राम दतान (प) में डीजे डांस प्रतियोगिता 25 को

पलारी। ग्राम दतान (प) में रविवार, 25 अक्टूबर को 'आजा नच ले' डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।
प्रतियोगिता को लेकर आयोजकों द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम में सामूहिक, युगल एवं एकल नृत्य वर्ग में प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं। सामूहिक नृत्य वर्ग में प्रथम पुरस्कार 25,001 रुपये, द्वितीय 12,001 रुपये, तृतीय 7,001 रुपये, चतुर्थ 5,001 रुपये तथा पंचम पुरस्कार 3,001 रुपये रखा गया है। इसी तरह युगल नृत्य वर्ग में प्रथम पुरस्कार 8,001 रुपये, द्वितीय 5,001 रुपये, तृतीय 3,001 रुपये तथा चतुर्थ पुरस्कार 1,501 रुपये निर्धारित किया गया है। वहीं एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5,555 रुपये, द्वितीय 3,333 रुपये, तृतीय 2,222 रुपये तथा चतुर्थ पुरस्कार 1,111 रुपये प्रदान किए जाएंगे। आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र की नृत्य प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा युवाओं में कला और सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रति रुचि बढ़ाना है।
प्रतियोगिता में शामिल होने के इच्छुक प्रतिभागी आयोजन से संबंधित संपर्क सूत्रों पर जानकारी प्राप्त कर सकते है यह जानकारी ईश्वर साहू ने दी।

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्टर की बैठक, 4 जनवरी को होगा अंतिम प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा ने शुक्रवार को राष्ट्रीय एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधियो के साथ बैठक की। बैठक मे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी गई एवं मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण के तहत नये मतदान केंद्रों के प्रस्ताव के सम्बन्ध मे चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार 1 जनवरी 2027 की अर्हता तिथि के संदर्भ में छत्तीसगढ़ मे फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा। इस पुनरीक्षण का मुख्य उद्देश्य किसी भी कारण से मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाये छूटे हुए पात्र नागरिकों,युवाओं और पहली बार मतदाता बनने वाले नागरिकों का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम अंतर्गत 17 प्लस आयु के युवाओ का सर्वे, कॉलेज मे जागरूकता कार्यक्रम एवं शिविर का आयोजन किया जा रहा है।बीएलओ घर -घर जाकर पूछ रहे हैं कि कोई नाम छूटा तो नहीं है, छूटने पर तत्काल फॉर्म 6 भरवाया जा रहा है. इस बार फॉर्म 6 के साथ घोषणा पात्र नहीं है औऱ सरलीकरण भी किया गया है। पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत 2 नवंबर 2026 तक मतदान केंद्रों का युक्तिकरण व पुनर्गठन,12 नवंबर 2026 तक प्रारूप (ड्राफ्ट) मतदाता सूची का प्रकाशन,12 नवंबर 2026 से 11 दिसंबर 2026 तक दावे और आपत्तियां दर्ज कराने,28 दिसंबर 2026 तक दावों और आपत्तियों का निराकरण एवं 4 जनवरी 2027 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।

जनकल्याणकारी योजना पर की चर्चा



ऑनलाइन भी कर सकते हैं आवेदन

1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष पूरे करने वाले युवाओं के अलावा, वर्ष 2027 की आगामी तीन अर्हता तिथियों 1 अप्रैल,1जुलाई एवं 1 अक्टूबरको पात्र होने वाले नागरिक भी अग्रिम आवेदन जमा कर सकते हैं। नया नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 नाम हटाने या आपत्ति दर्ज कराने के लिए फॉर्म-7 तथा संशोधन के लिए फॉर्म-8 भरा जाएगा।नागरिक मतदाता सेवा पोर्टल अथवा मोबाइल ऐप के जरिए घर बैठे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक नहीं रखी जाएगी। साथ ही, मतदान केंद्र मतदाताओं के निवास से 2 किलोमीटर के दायरे में तथा भू-तल पर स्थित होना अनिवार्य किया गया है। बैठक में भारतीय जनता पार्टी से नरेश केशरवानी,भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी से जिला अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे, गणेश शंकर साहु, आम आदमी पार्टी से भुवनेश्वर सिंह डहरिया, जगन्नाथ महिलांग, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) सुशील बंजारे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी उपस्थित रहे।

घटना : पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट होगी मौत की असली वजह

खेत के कुएं से मिला अज्ञात युवक का शव, मामले की जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

जिले के कसडोल नगर से लगे ग्राम दर्रा में खेत के कुएं में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। खेत में स्थित सुनसान मकान के पास बने कुएं में युवक का शव मिलने की खबर फैलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना को लेकर ग्रामीणों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका खुलासा भी नहीं हो पाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम दर्रा में खेत के एक कुएं में अज्ञात युवक का शव मिला है। बताया जा रहा है कि कुआं खेत में स्थित एक सुनसान मकान के पास है। युवक का शव पानी में फूल चुका है, जिससे आशंका जताई जा रही है कि शव कुछ समय से पानी में रहा होगा। हालांकि, शव कितने समय से कुएं में था, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। कुएं में शव मिलने की जानकारी सामने आने के बाद इलाके में लोगों के बीच चर्चा शुरू हो गई। युवक कौन है, वह कहां का रहने वाला है और खेत के कुएं तक किन परिस्थितियों में पहुंचा, इन सवालों के जवाब फिलहाल सामने नहीं आए हैं।

ग्राम दर्रा में खेत के कुएं में अज्ञात युवक का शव मिलने की इस घटना से क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। अब पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि युवक की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई।





सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस

घटना की सूचना मिलने पर कसडोल पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस मृतक की पहचान करने तथा घटना से जुड़े तथ्यों का पता लगाने में जुटी हुई है। युवक की मौत दुर्घटनावश हुई है, उसने किसी अन्य परिस्थिति में जान गंवाई है या मामला किसी अन्य कारण से जुड़ा है, इन सभी पहलुओं पर स्थिति जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

मृतक की पहचान और मौत के कारणों का इंतजार

फिलहाल सबसे बड़ा सवाल युवक की पहचान को लेकर है। मृतक की शिनाख्त होने के बाद ही उसके निवास स्थान, परिजनों और घटनाक्रम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आने की संभावना है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। शव मिलने की परिस्थितियों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

10 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

क्षेत्र के विकास और ग्रामीण अंचलों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के संकल्प के साथ विधायक इन्द्र साव ने ग्राम पंचायत परसवानी 'क' में 10 लाख की लागत से बनने वाली सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। ग्रामीणों की बहुप्रतिक्षित मांग पूरी होने पर पंचायत प्रतिनिधियों ने विधायक का आभार व्यक्त किया। भूमि पूजन के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक इन्द्र साव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का चहुंमुखी विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा, ग्रामीणों को सुगम सड़क मार्ग उपलब्ध कराना हमारा मुख्य लक्ष्य है। क्योंकि अधिकांश गाँव पूर्व में विकास कार्य से अछूता है उन गाँव का विकास प्राथमिकता से किया जा रहा है इसके साथ ही, गांव की हर छोटी से छोटी समस्या का पूरी संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया जावेगा। इसके पूर्व ग्रामीणों द्वारा विधायक इन्द्र साव का आतिशबाजी के साथ आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर सरपंच भोजराम गायकवाड़, रामखिलावन, कृपा राम, ताम्रध्वज बांधे, रमेश कुमार, नीलकंठ, गोविंद, जय नारायण, सुरेन्द्र, बबलू चतुर्वेदी, सहेतरू, दिलीप गर्ग, मनीराम, पदुम टंडन, महावीर, कियालाल सहित भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

एनएसएस का 7 दिवसीय विशेष शिविर शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बगबुड़ा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय -दतान(ख), लवन में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का शुभारंभ ग्राम प्रमुख सरपंच चन्दा देवी महिलागं, सरपंच प्रतिनिधि ईश्वर महिलांग,पंचगण जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया। संस्था के प्रभारी प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी चन्द कुमार बंछोर भूतपूर्व सैनिक के नेतृत्व में यह शिविर 23 से 29 अक्टूबर तक ग्राम पंचायत दतान(ख), विकासखण्ड -पलारी में लगाया गया है। । शिविर को गांव वालों का पुरा सहयोग मिल रहा है राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी चन्द कुमार बंछोर सेना से सेवानिवृत्त फौजी हैं उनके कार्य से गांव वाले बहुत प्रभावित हैं आये दिन उनके मार्गदर्शन में स्वयंम सेवकों ने अभियान चलाया जा जाता है यह शिविर भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा प्रायोजित प्रकोष्ठ पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय संचालित यह शिविर लोगों को जागरूक एवं सरकार के योजनाओं का के बारे में जनता तक पहुंचाना है। शिविर में 54 स्वयंम सेवकों ने भाग लिया है शिविर का आज पहला दिन था ।
और छः दिन सेवा के कार्य करेंगे स्वयंम सेवक साधना यादव, रामेश्वरी पैकरा, हेमा निषाद, यमुना धीवर, रीतू पैकरा, मधु, सुकृता, दामिनी, यलका, आदि स्वयंम सेवकों ने बड़ चढ़ हिस्सा लिया।

सेवानिवृत्त प्राचार्य रामनारायण मिश्रा का श्रीफल से सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा



संयुक्त संचालक संजीव श्रीवास्तव लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर द्वारा रामनारायण मिश्रा सेवा निवृत्त प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बिजली को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। साथ -साथ उनके पीपीओ,जीपीओ एवं अन्य स्वत्वों का भुगतान आदेश प्रदान किया गया। इस अवसर पर संयुक्त संचालक संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति के समय पेंशन एवं अन्य देय स्वत्वों का समय पर भुगतान सुनिश्चित करना विभाग के महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। समय पर पेंशन एवं अन्य भुगतान मिलने से सेवानिवृत कर्मचारी अपने आगामी जीवन की योजनाओं को सुचारू रूप से आगे बढ़ा सकते हैं। सहायक संचालक आलोक चांडक ने कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन का वह पड़ाव है जहां पर हम अपने काम की जिम्मेदारियां से मुक्त हो जाते हैं और नई पारी की शुरुआत करते हैं। शासकीय सेवा में रहते हुए अधिकारी-कर्मचारी समाज और विभाग के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी हेमंत साहू ने कहा कि शिक्षक का योगदान केवल नौकरी तक सीमित नहीं रहता बल्कि अपने ज्ञान, संस्कार और मार्गदर्शन से अनेक विद्यार्थियों के जीवन को दिशा प्रदान करता है। इ छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ रायपुर संभाग के अध्यक्ष रहते हुए शिक्षकों के समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयास किया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी हेमंत साहू, संभागीय सचिव ओंकार वर्मा छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ, सुनील नायक संगठन मंत्री छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ रायपुर, व्याख्याता पूरन लाल साहू, सहायक ग्रेड 03 श्याम लाल साहू, तोमन राम साहू उपस्थित थे।

मनोरमा डॉ. रामकुमार सिरमौर मेमोरियल
एम.आर.एम. मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
(अनुपम हॉस्पिटल, रायपुर का उपक्रम)
खरोरा (बलौदाबाजार बायपास रोड)
प्रेरणास्रोत
स्व. डॉ. रामकुमार सिरमौर
स्व. श्रीमती मनोरमा सिरमौर
24 HOURS SERVICE EVERYDAY
बेहतर ईलाज न्यूनतम शुल्क... सर्व सुविधा युक्त...
उपलब्ध मुख्य सेवाएँ
• प्रसूति एवं स्त्री रोग • जनरल सर्जरी • हड्डी रोग एवं फ्रैक्चर
• 24 x 7 नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी • नाक-कान-गला रोग
• नि: संतानता रोग • मूत्र रोग • इनफर्टिलिटी / आई.यू. आई.
• न्यूरो सर्जरी • किडनी रोग • ट्रामा एवं क्रिटिकल केयर
हृदय एवं मधुमेह रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • जनरल मेडिसिन
एडवांस आई.सी.यू. • कैंसर सर्जरी • मॉडर्न ऑपरेशन थियेटर
• लैप्रोस्कोपिक सर्जरी • लिवर एवं पेट रोग
प्रतिदिन सोनोग्राफी की सुविधा, 24x7 पैथोलॉजी (ख़ून की जाँच)
एक्स-रे, ई.सी.जी., मेडिकल स्टोर एवं एम्बुलेंस की सुविधा
24x7 आपातकालीन सेवा, भर्ती व ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड, CSEB, TPA व विभिन्न हेल्थ इन्श्योरेन्स कंपनियों द्वारा ईलाज की सुविधा उपलब्ध।
24X7 EMERGENCY
99261 12623, 93408 37740
खरोरा (बलौदाबाजार बायपास रोड) रायपुर (छ.ग.)
mrmkharora@gmail.com | www.mrmhospital.com
डॉ. नम्रता सिरमौर
M.B.B.S., M.D., F.M.A.S.
प्रसूति स्त्री रोग व फर्टिलिटी विशेषज्ञ एवं सर्जन
पूर्व असि., प्रोफेसर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल, रायपुर

HEALTH TOWN
न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी. सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधाएँ-
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श
• नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार
• TPA की सुविधा
संपर्क करें- 9009553889, 9090204620
पता - एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

पाइल्स
क्षार सूत्र विशेषज्ञ, 15000 से ऊपर सफल चिकित्सा देश विदेशों में भी प्रचलित।
समय : सुबह 9.30 से रात 8.00 बजे तक
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(25 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
9039050422, 9179455561
सरस्वती दाल मिल के सामने, गली नं. 3, अशोक विहार, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, फाफाडीह मेन रोड, रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



गौ माता के लिए सोहई बनाने में जुटे यदुवंशी

बंगोली। दीपावली त्यौहार को महज पखवाड़ा भर शेष है। इस त्योहार में खासकर यदु, यादव जाति के यदुवंशी लोग गौ माता को सोहई बांधते हैं। धनसुली के कुलंजन यदु तथा संतोष यदु ने बताया कि परषा पेड़ के जड़ जिसे बॉख कहा जाता है, जिसे खरीद कर यदुवंशी लोग सोहई बनाने के लिए रस्सी योग्य बनाकर सोहई में मयूर पंख लगाया जाएगा। बाजार में रेडीमेड सोहई की कीमत ज्यादा है, इसलिए बाजार से सोहई की सामान लाकर स्वयं ही सोहई बनाते हैं। दीपावली कुछ ही दिन शेष होने के कारण यदुवंशी लोग सोहई बनाने मे जुट गये हैं।

धमनी में अखंड नवधा रामायण समारोह कल से

पलारी। विकासखण्ड पलारी से 15 किलोमीटर पूर्व चित्रोत्पला महानदी के किनारे बसे ग्राम धमनी में प्रतिवर्षानुसार श्री रामचरितमानस मानस आधारित अखंड रामायण समारोह का आयोजन किया गया है। सभी रामायण मंडलियों से अपने मंडली सहित अखंड नवधा रामायण समारोह में पधार कर संगीत एवं प्रवचन श्रवण कराकर कृतार्थ करने की अपील की गई है। 25 अक्टूबर रविवार शाम 6 बजे से 3 नवंबर तक अनवरत जारी रहेगा।

हथबंद रेलवे फाटक से लावर चौक तक सड़क बदहाल, हादसों को न्योता



हथबंद। हथबंद रेलवे फाटक से लावर चौक तक की मुख्य सड़क की हालत बेहद खराब हो चुकी है। पूरी सड़क जगह-जगह से टूट गई है और बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग पर दिन-रात भारी वाहनों का आवागमन बना रहता है, जिसके कारण सड़क और भी खराब हो रही है। गड्ढों के कारण आये दिन दोपहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे हैं और दुर्घटनाएं हो रही हैं। वहीं इस सड़क के जीर्णोद्धार के लिए शासन से स्वीकृति मिल चुकी है, लेकिन आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। इसको लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष कोमल प्रसाद वर्मा और युवा कांग्रेस नेता आयुष साहू ने अनुविभागीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र सड़क निर्माण शुरू करने की मांग की है।

नारियल फेंक कर मारा युवक का दांत टूटा

महासमुंद। दुर्गा विसर्जन के दौरान एक युवक पर नारियल फेंककर मारने और गाली गलौज करने के मामले में दो लोगों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। वार्ड वार्ड नं 27 कौशिक कॉलोनी निवासी सौभाग्य यदु 21 अक्टूबर की रात करीबन 11 बजे अंबेडकर चौक का माता विसर्जन करने के लिए महामाया तालाब जा रहा था, तभी रितु यादव महामाया पारा ने मुझ पर माता आई है कहकर जान बूझकर उसके ऊपर नारियल फेंक कर मारा, जिससे नीचे का एक दांत टूट गया।

निधन

लखन यादव



बलौदाबाजार। पुराना बस स्टैण्ड निवासी लखन यादव पिता भगवानी यादव का निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कर 23 अक्टूबर को रायपुर रोड मुक्तिधाम में किया गया।जिसमें गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

परंपरागत कृषि छोड़ बीज उत्पादक बने किसान, आय में 75 प्रतिशत का इजाफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले के विकासखंड भाटापारा अंतर्गत ग्राम ढाबाडीह के किसानों ने कृषि क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है। परंपरागत खेती के तरीकों और बाजार की अनिश्चितताओं को पीछे छोड़ते हुए यहां के किसानों ने उन्नत बीज उत्पादन को अपनाया है, जिससे उनकी आय में लगभग 75 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

ग्राम ढाबाडीह के कृषक रूपेन्द्र साहू, उमा साहू, राजाराम एक्का और प्रमिला साहू पहले परंपरागत रूप से धान और सब्जियों की खेती करते थे। मौसम की मार और बाजार भाव में उतार-चढ़ाव के कारण उन्हें अक्सर सीमित आय से ही संतोष करना पड़ता था।इस अनिश्चितता से निपटने के लिए किसानों ने उद्यान विभाग भाटापारा के अधिकारियों से संपर्क किया। विभाग के मार्गदर्शन में किसानों ने एक प्रमुख बीज कंपनी के साथ अनुबंध किया और सामूहिक रूप से 25 एकड़ रकबे में गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन का कार्य शुरू किया।

उद्यानिकी विभाग द्वारा कृषको को 2 नग क्रॉप सोलर ड्रायर प्रदान किया गया है जिससे उन्हें बीज को बारिश मे सुखाने मे मदद मोलेगी। कंपनी से अनुबंध होने के कारण फसलों के दाम पहले से तय रहते हैं, जिससे बाजार के उतार-चढ़ाव का जोखिम खत्म हो गया।

उद्यानिकी विभाग और अनुबंध खेती से बदला जीवन





अन्य किसानों के लिए बने प्रेरणास्रोत

आधुनिक कृषि तकनीकों और सामूहिक खेती के कारण मजदूरी पर होने वाला खर्च काफी कम हो गया। परंपरागत फसलों की तुलना में प्रति एकड़ शुद्ध आय में 75 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। पहले 8 हेक्टेयर मे सब्जी एवं 2 हेक्टेयर मे धान लगाने पर प्रति एकड़ मुनाफा 1 लाख होती थी,अब 9 हेक्टेयर मे सब्जी लगाने एवं बीज उत्पादन से 1 लाख 75 हजार रुपए प्रति एकड़ बचत हो रही है। क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए बने प्रेरणा-ढाबाडीह के इन किसानों की इस सफलता से आसपास के ग्रामीण व अन्य कृषक भी अत्यधिक प्रभावित हो रहे हैं और अब वे भी परंपरागत खेती की जगह आधुनिक बीज उत्पादन और अनुबंध आधारित कृषि अपनाने की दिशा में रुचि दिखा रहे हैं।

उपलब्धि : करहीबाजार के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

टेनिकॉइट प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ करहीबाजार

38वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय टेनिकॉइट प्रतियोगिता-2026 में छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक अपने नाम किया। पंजाब के फगवाड़ा स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन कर पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि में करहीबाजार स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के खिलाड़ियों की सहभागिता भी रही। विद्यालय के छात्र अरुण पटेल, पिता जीवनलाल पटेल, एवं छात्रा नुकिता साहू, पिता गेंदूराम साहू, ने राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में भाग लेकर विद्यालय और क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। छात्रा नुकिता साहू ने अपने शानदार खेल प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने पंजाब और दिल्ली की टीमों के विरुद्ध जीत हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।



शानदार प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ की टीम ने जीता कांस्य पदक

प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने शुरुआत से ही बेहतरीन प्रदर्शन किया। टीम ने पंजाब, दिल्ली एवं पश्चिम बंगाल की टीमों को 3-0 से पराजित कर अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। इसके बाद क्वार्टर फाइनल मुकाबले में गोवा को 3-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। हालांकि, सेमीफाइनल में पुडुचेरी की टीम से 3-2 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक हासिल किया। यह उपलब्धि प्रदेश के खेल जगत के लिए गौरव का विषय है। वहीं, करहीबाजार की छात्रा नुकिता साहू की इस सफलता से विद्यालय, परिवार एवं क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। खिलाड़ियों की मेहनत, लगन और खेल के प्रति समर्पण ने यह साबित किया कि निरंतर अभ्यास और दृढ़ संकल्प से राष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता हासिल की जा सकती है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, करहीबाजार के प्रभारी प्राचार्य ईश्वर देवदास, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बसंत देवांगन, ग्राम पंचायत की सरपंच कमला अरुण निषाद, जनपद सदस्य रेवती राजेश पटेल सहित विद्यालय परिवार, जनप्रतिनिधियों एवं अभिभावकों ने दोनों खिलाड़ियों और उनके कोच श्री शिवांशु केशरवानी को शुभकामनाएं दीं।

कोई भी पीड़ित बच्चा इलाज से वंचित न रहे : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार में शुक्रवार को विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारम्भ किया। कलेक्टर श्री शर्मा ने इस दौरान शिविर मे पहुंचे बच्चों एवं उनके अभिभावकों से बातचीत करते हुए हालचाल जाना और बेहतर ईलाज का भरोसा दिलाया। उन्होंने बच्चों के अभिभावकों से बच्चे की बीमारी के संबंध मे चिरायु टीम द्वारा की गई मदद की भीं जानकारी ली। उन्होंने अभिभावकों को बताया कि चिरायु योजना अंतर्गत शासन के द्वारा बच्चों का निःशुल्क उपचार किया जाएगा। कलेक्टर ने विशेषज्ञ चिकित्सको से कहा कि स्क्रीनिंग मे सबसे छोटे बच्चों एवं गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पहले उपचार की व्यवस्था करें। उन्होंने चिरायु टीम की सराहना करते हुए कहा कि जिले मे निरंतर सर्वे जारी रखे और पीड़ित बच्चे चिहांकित करें,कोई भी चिहांकित बच्चा ईलाज से वंचित न रहे।कलेक्टर श्री शर्मा ने इस दौरान शिशु रोग, सोनोग्राफी क़क्ष, आंख, कान, गला क़क्ष का निरीक्षण किया और ज़रुरी निर्देश दिये।

- चिरायु योजना से 70 बच्चों की हुई फाइनल स्क्रीनिंग

शिविर में चिरायु दल द्वारा चिन्हांकित किए गए जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित 70 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं फाइनल स्क्रीनिंग एमएमआई नारायणा अस्पताल रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के सहयोग से की गई।

इस दौरान सीएमएचओ डॉ. राजेश अवस्थी,सिविल सर्जन डॉ. अशोक वर्मा, डीपीएम सृष्टि मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

शिक्षक तारकेश्वर ने कराया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर के जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अपना जन्मदिन विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ मनाते हुए खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को खीर, पूरी, फल सहित विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन परोसे गए, जिनका बच्चों ने बड़े उत्साह और आनंद के साथ लुत्फ उठाया। जन्मदिन के इस विशेष अवसर पर पचरी संकुल केंद्र के समस्त शिक्षकों को भी आमंत्रित किया गया था। आयोजन से विद्यालय में उत्साहपूर्ण एवं खुशनुमा वातावरण बना रहा। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका भारती तांती की उपस्थिति रही। विद्यालय के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मीना धीवर एवं उपाध्यक्ष सावित्री यादव ने शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुखमय एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यार्थियों के साथ जन्मदिन मनाने की इस पहल को शिक्षा के साथ संस्कार, आपसी स्नेह और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने वाला सराहनीय प्रयास बताया गया।

मुड़पार में मनाया गया विजयादशमी पर्व, अग्निबाण से हुआ रावण दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

ग्राम मुड़पार में प्रतिवर्ष की परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी आदर्श नवयुवक रामलीला मंडली के तत्वावधान में विजयादशमी पर्व भव्य रूप से मनाया गया। ग्राम पंचायत परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में आसपास के ग्रामों के ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रीय लोक कलाकारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन में हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं भगवान गणेश की वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात पांच दिवसीय रामलीला मंचन में भगवान श्रीराम के जन्म से लेकर रावण वध तक की लीला का सजीव चित्रण किया गया। रामलीला के माध्यम से कलाकारों ने भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा और धर्म की महत्ता को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रावण, कुंभकरण एवं मेघनाद के विशाल पुतलों का दहन रहा। रावण के पुतले का दहन अग्निबाण से किया गया, जिसे देखने के लिए उपस्थित दर्शकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। जैसे ही रावण का पुतला धू-धू कर जला, पूरा परिसर 'जय श्रीराम' के जयघोष से गूंज उठा।



धर्म की अधर्म पर विजय का प्रतीक है विजयादशमी

विजयादशमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हीराराम साहू, डॉ. किरीत कुमार साहू, रामकुमार साहू एवं लेखचंद साहू ने कहा कि विजयादशमी हिंदू धर्म के प्रमुख एवं पवित्र त्योहारों में से एक है। यह पर्व आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। यह असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म तथा अहंकार पर मर्यादा की विजय का प्रतीक है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन भगवान श्रीराम ने लंका के राजा रावण का वध कर धर्म की स्थापना की थी। इसी परंपरा के तहत देश के विभिन्न क्षेत्रों में रावण, कुंभकरण एवं मेघनाद के पुतलों का दहन किया जाता है। उन्होंने कहा कि ग्राम मुड़पार में स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन कर इस सांस्कृतिक एवं धार्मिक परंपरा को जीवंत बनाए रखने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, धार्मिक मान्यताओं एवं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों से परिचित कराते हैं।

कार्यक्रम में आदर्श नवयुवक रामलीला मंडली के अध्यक्ष हीराराम साहू, सचिव हीरेंद्र वर्मा, कोषाध्यक्ष रामकुमार साहू सहित लेखचंद साहू, मेघनाथ विश्वकर्मा, जीवनलाल वर्मा, भारत निषाद, दीनानाथ वर्मा, नाथूराम, रामकुमार निषाद एवं मंडली के समस्त सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में मंडली के सदस्यों ने समस्त ग्रामवासियों एवं प्रदेशवासियों को विजयादशमी, शरद पूर्णिमा, धनतेरस एवं दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। ग्राम मुड़पार में आयोजित यह धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।

निपनिया में धूमधाम से मनाया गया दशहरा उत्सव



भाटापारा। आजाद दशहरा उत्सव समिति, निपनिया द्वारा इस वर्ष भी विजयादशमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। भव्य आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र रही। समिति द्वारा मां दुर्गा, भगवान शिव और नंदी की भव्य झांकी ट्रैक्टर पर सजाकर पूरे गाँव में भ्रमण कराया गया। झांकी को गुब्बारों और फूलों से सजाया गया था, जिसे देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर विधायक भाटापारा इंद्र साव पूर्व विधायक शिव रतन शर्मा पूर्व जनपद अध्यक्ष अमित शर्मा भाटापारा नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा सतीश अग्रवाल, दिनेश तिवारी जिला पंचायत सदस्य अमर मांडवी ग्राम पंचायत निपानिया के सरपंच नरेश नेताम समिति के सभी सदस्य और ग्रामीण परिवार सहित उपस्थित रहे। बुजुर्गों से लेकर युवाओं तक सभी ने माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। पूरे वातावरण में जय माता दी के जयकारे गूंजते रहे। समिति के सदस्य जीतू ठाकुर, शंकर दास मानिकपुरी, टी शैलेंद्र, शैलेश ठाकुर, गप्पू यादव, अनू गुप्ता, हरीश सरदार, कुलेश्वर वर्मा, विक्की, गोपी, सुभाष, मुकेश, गौतम, सृजन, मुकेश ठाकुर, डैनी सभी ने अथितियों का स्वागत किया।

मैदानी स्तर पर तालमेल से समय पर पूरा करें : कलेक्टर

10 जनवरी से स्व-गणना, 25 से घर-घर पहुंचेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जनगणना 2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों के तहत शुक्रवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला एवं चार्ज अधिकारियों का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी कुलदीप शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण में जनगणना की प्रक्रिया, कार्यप्रणाली, तकनीकी पहलुओं और अधिकारियों के दायित्वों की जानकारी दी गई। कलेक्टर श्री शर्मा ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनगणना का कार्य तय समय-सीमा में पूरी जिम्मेदारी और त्रुटिरहित कार्य संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशिक्षण में शामिल अधिकारियों से राज्य स्तरीय प्रशिक्षकों द्वारा दी जा रही जानकारी को गंभीरता से समझने तथा किसी भी प्रकार की शंका होने पर प्रश्न पूछकर उसका समाधान करने को कहा, ताकि मैदानी स्तर पर कार्य के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि जिले में जनगणना का कार्य व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा, जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ करें तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण के जनगणना के दौरान गणना पत्रक मे प्रथम चरण की तुलना मे अधिक जानकारी संकलित करना है इसलिये समय भी अधिक लगेगा। उन्होंने समय सीमा मे कार्य सम्पन्न कराने के लिये अधिक संख्या मे प्रगणको की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिये।उन्होंने नागरिकों से भी जनगणना कार्य में सहयोग करने और नियुक्त प्रगणकों एवं अधिकृत कर्मचारियों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की।



25 जनवरी से घर-घर पहुंचेंगे प्रगणक

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 10 से 24 जनवरी 2027 तक नागरिकों को वेब पोर्टल आ एवं एप्प के माध्यम से स्व-गणना करने का अवसर मिलेगा। इसके बाद 25 जनवरी से 28 फरवरी 2027 तक प्रगणक घर-घर जाकर जनगणना का कार्य करेंगे। इस दौरान निर्धारित प्रारूप के अनुसार परिवारों से आवश्यक जानकारी एकत्र की जाएगी। प्रशिक्षण में स्व-गणना की तकनीकी प्रक्रिया, डिजिटल माध्यम से आंकड़ों की प्रविष्टि और जनगणना से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिले के सभी अनुविभागीय चार्ज अधिकारी, डीपीएस, ग्रामीण एवं नगरीय चार्ज अधिकारी तथा जनगणना कार्य से जुड़े कर्मचारी उपस्थित थे।

